PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Sun, 28 May 2017, Page 3
Width: 11.21 cms, Height: 24.21 cms, a4, Ref: 34.2017-05-28.16

हेरिटेज लाइन पर आज से मेट्रो यात्रा

उपलब्धि

- पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों तक होगी मेट्रो की पहुंच
- अब बॉटेनिकल गार्डन-कालकाजी के बीच परिचालन की तैयारी

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : हेरिटेज लाइन (केंद्रीय सचिवालय-कश्मीरी गेट) पर रमजान के मौके पर रविवार को दिल्ली के ऐतिहासिक स्थल मेट्रो नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वेंकैया नायडू व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हेरिटेज लाइन पर आइटीओ से कश्मीरी गेट के बीच मेट्रो का परिचालन शुरू करेंगे। यह पुरानी दिल्ली के लोगों के लिए बड़ा तोहफा होगा। क्योंकि लोगों को नेताजी सुभाष मार्ग पर जाम से निजात मिलने की उम्मीद है। दोपहर 12 बजे से आइटीओ-कश्मीरी गेट मेट्रो लाइन पर लोग सफर कर सकेंगे। जिससे दिल्ली गेट, जामा मस्जिद, लाल किला व कश्मीरी गेट पहुंचना आसान हो जाएगा। हेरिटेज लाइन के बाद दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) बॉटेनिकल गार्डन से कालकाजी मंदिर मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो का परिचालन शुरू करने की तैयारी में है।

यदि सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो जून के अंत तक बॉटेनिकल गार्डन से कालकाजी के बीच मेट्रो रफ्तार भरने लगेगी। यह मेट्रो लाइन 34.27 किलोमीटर लंबी जनकपुरी पश्चिम-बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो लाइन का हिस्सा है। इस मेट्रो लाइन पर तीन चरणों में मेट्रो का परिचालन शुरू करने की योजना है। क्योंकि पूरी लाइन अभी बनकर तैयार नहीं हुई है और पिछले साल से इस पर स्वचालित मेट्रो का ट्रायल चल रहा है। बॉटेनिकल गार्डन से कालकाजी के बीच मेट्रो लाइन बनकर तैयार है। इसके आगे कालकाजी से डोमेस्टिक एयरपोर्ट के बीच मेट्रो का निर्माण अंतिम चरण पर है। इसलिए इस हिस्से पर अब तक मेट्रो का ट्रायल शुरू नहीं हो सका है। एयरपोर्ट से जनकपुरी पश्चिम के बीच मेट्रो का ट्रायल चल रहा है। डीएमआरसी का कहना है कि आइटीओ से कश्मीरी गेट के बीच मेट्रो का परिचालन शुरू होने के बाद बॉटेनिकल गार्डन-कालकाजी मंदिर मेट्रो लाइन पर सुरक्षा मानकों की जांच के लिए फाइल मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त को भेजी जाएगी। आइटीओ से कश्मीरी गेट के बीच मेट्रो के बीच परिचालन शुरू होने से फरीदाबाद, बदरपुर से यात्री सीधे कश्मीरी गेट व पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन मेट्रो से पहुंच सकेंगे।